समाहरणालय, मुंगेर

(जिला योजना कार्यालय)

आदेश

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीया सांसद श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर लोक सभा क्षेत्र) के सांसद निधि से अनुशंसित निम्न योजना की प्रशासनिक स्वीकृति इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–928 दिनांक–21.12.2018 द्वारा दी गयी थी। माननीया सांसद श्रीमती वीणा देवी के पत्रांक–M/117 दिनांक–12.02.2019 द्वारा प्राप्त अनुशंसा से निम्न योजना को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

इस कार्यालय के पत्रांक–144 दिनांक–11.02.2019 से कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, मुंगेर से उक्त योजना की अद्यतन स्थिति एवं संविदात्मक वित्तीय देयता/लागत भार से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई थी। उनके पत्रांक–318 दिनांक–16.02.2019 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त योजना ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मुंगेर द्वारा कियान्वित किया जा रहा है। इस योजना के रद्दीकरण से सरकार पर संविदात्मक देयता/लागत का भार नही पड़ेगा।

अतः माननीया सांसद श्रीमती वीणा देवी की अनुशंसा एवं कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, मुंगेर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति रद्द की जाती है।

निदेश दिया जाता है कि उक्त योजना में कुल विमुक्त राशि मो0–11,23,800.00 (ग्यारह लाख तेईस हजार आठ सौ) रू0 मात्र का चेक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बनाकर जिला योजना कार्यालय, मुंगेर को हस्तगत कराना सुनिश्चित करे।

क0 सं0	योजना का नाम	प्रशा0 स्वी0 का आदेश ज्ञापांक	प्रशासनिक स्वी0 की राशि (राशि लाख में)	विमुक्त राशि (राशि लाख में)
1	2	3	4	5
01	नौवागढी उत्तरी पं0 के अन्तर्गत चडौन गांव में श्री विपिन चौधरी के घर से सुरेश चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण	928/21-12-18	1498500.00	1123800.00

ह0/=

जिला योजना पदाधिकारी
मुंगेर।

ज्ञापांक 173 / जि0यो0, दिनांक 18-2-19

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।।

प्रतिलिपि– नाजिर, जिला योजना कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– माननीय सांसद, श्रीमती वीणा देवी, मुंगेर लोकसभा क्षेत्र को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.2.19

जिला योजना पदाधिकारी
मुंगेर।